पाठ 4. राजा की जीत (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ में कहानी के अलग-अलग अंशों को चित्रों के द्‌वारा दर्शाया गया है। बच्चे अपनी कल्पना से और आपकी सहायता से अपने शब्दों में कहानी सुनाएँगे। इस पाठ का उद्‌देश्य बच्चों में अनुभवों का सकारात्मक मूल्यांकन करने की क्षमता विकसित करना है।

पाठ का सार

राजा ब्रुश युद्‌ध में हारने के बाद एक गुफा में छिपकर बैठा था। गुफा की दीवार पर एक मकड़ी बार-बार फिसलकर गिर जाती थी। लेकिन, मकड़ी ने हिम्मत नहीं हारी जिससे वह दीवार पर चढ़ पाने में सफल हुई। यह देखकर राजा का भी मनोबल बढ़ा। उसने अपनी सेना की सहायता से शत्रु-राजा पर आक्रमण कर उसे हरा दिया।

अध्यापन संकेत

यह मौखिक पाठ है। इस पाठ में दिए गए चित्रों के माध्यम से कहानी बनाकर बताने में बच्चों की सहायता करें। साथ ही, इस कहानी से मिलने वाले संदेश के बारे में चर्चा करें। बच्चों से कुछ मौखिक प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं। जैसे–राजा का नाम क्या था? गुफा की दीवार पर कौन बार-बार फिसल रही थी – चींटी या मकड़ी? मकड़ी को देखकर राजा ने क्या सोचा?